गैस किल्लत जिले से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है, इसका लाभ नागरिकों को मिलना चाहिए : अवस्थी

लगाए गैस एजेंसी का फेरा, जिले में है चिराग तले अंधेरा

नवभारत,शहडोल । जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व मे, जिले मे व्याप्त रसोई गैस की किल्लत,कालाबाजारी, शहडोल से निकाल कर फूलपुर गैस भेजने व पाइप द्वारा घर घर गैस पहुंचने में हो रहे विलंब के विरुद्ध जिला काँग्रेस द्वारा किया गया धरना-प्रदर्शन। काँग्रेस ने देश के सम्मानित प्रधानमंत्री मोदी के बताए अनुसार बर्तन मे पाइप लगा कर नाले मे डाल कर गैस निकाल कर चाय बनाने की कोशिश की लेकिन गैस चूल्हा नहीं जला, यह भी मोदी का जुमला मात्र साबित हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने जिले में लगातार बनी हुई रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की आम जनता इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर के लिए गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने को मजबूर है। कई-कई दिनों तक इंतजार करने के बाद भी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे घरों की रसोई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। अजय अवस्थी ने कहा कि सरकार द्वारा घर-घर पाइपलाइन के माध्यम से घरेलू गैस पहुंचाने की योजना भी जिले में वर्षों से अधूरी पड़ी हुई है। उन्होंने मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि जिलेवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत विडंबनापूर्ण स्थिति है कि शहडोल जिले से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है, लेकिन उसी जिले के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कृपापात्र रिलायंस कंपनी द्वारा शहडोल क्षेत्र से प्राकृतिक गैस का दोहन कर उसे फूलपुर जैसे अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है, जबकि स्थानीय जनता को गैस सिलेंडर की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह स्थिति चिराग तले अंधेरा की कहावत को पूरी तरह चरितार्थ करती है। जिस जिले की धरती से प्राकृतिक संसाधन निकल रहे हैं, उसी जिले की जनता को रसोई गैस जैसी बुनियादी आवश्यकता के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। अजय अवस्थी ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान दिया जाए तथा जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि जिले की सभी गैस एजेंसियों की आपूर्ति व्यवस्था की जांच कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही गैस सिलेंडर की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल आम जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की। धरना-प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी,पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील खरे, नगर अध्यक्ष प्रभात पाण्डेय, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी, पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पार्षद हीरालाल प्रजापती, नीरज सराफ़, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बुढ़ार राजीव शर्मा, सिंधपुर ब्लॉक अध्यक्ष अजीत सोनी, राजेश सोंधिया, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष सत्यनारायण साहू, कुंजबिहारी द्विवेदी, जवाहर राव, हरिशंकर तिवारी, रवि शेखर राव, आशीष द्विवेदी, महेंद्र यादव, हर्ष गौतम,सबी खान, मोहसिन खान, प्रमोद जैन, शाकिर फ़ारूकी, जसवीर सिंह, धन्नू बर्मन, अशोक तिवारी, भैय्यालाल गुप्ता, वरुण पाल, राजेश बैगा, अजय सनपाल आदि काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

लंबित वारंटों की समीक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

त्वरित तामिली के दिए निर्देश

नवभारत, शहडोल। जिले में लंबित समंस एवं वारंटों के निष्पादन को लेकर 15 मार्च को पुराने पुलिस कंट्रोल रूम में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने की, जिसमें जिले के विभिन्न न्यायालयों में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिर, थानों के समंस-वारंट मददगार तथा चालान मुंशी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने न्यायालयीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित समंस और वारंटों की त्वरित तामिली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय से प्राप्त समंस एवं वारंटों की समयबद्ध तामिली सुनिश्चित करना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयीन अभिलेखों का संधारण व्यवस्थित ढंग से किया जाए तथा न्यायालय से प्राप्त आदेशों का तत्काल पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए शीघ्र निष्पादन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक ऋचभ छारी, रीडर लक्ष्मी द्विवेदी तथा आरक्षक मेलाराम भूमिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले में विभिन्न जनपद मुख्यालयों में आयोजित होंगे संकल्प से समाधान अभियान शिविर

समस्याओं का होगा मौके पर समाधान तथा हितग्राहियों को वितरित किया जाएगा हितलाभ

नवभारत, शहडोल । आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में राजस्व, पंचायत, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, कृषि सहित विभिन्न विभागों की 106 सेवाओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा। संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले शिविरों में 17 मार्च 2026 को जयसिंहनगर विकासखंड का शिविर जनपद पंचायत जयसिंहनगर में आयोजित किया जाएगा। इसमें जयसिंहनगर नगर परिषद भी शामिल रहेगी। इस शिविर की प्रभारी एसडीएम जयसिंहनगर काजोल सिंह रहेंगी। 18 मार्च 2026 को पाली नं. 1 (गोहपारू) विकासखंड में जनपद पंचायत गोहपारू में शिविर आयोजित होगा।

शिविर की प्रभारी एस डी एम जयसिंहनगर सुश्री काजोल सिंह होंगी। 24 मार्च 2026 को ब्योहारी विकासखंड में जनपद पंचायत ब्योहारी में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें ब्योहारी नगर परिषद और खंड (बाणसागर) नगर परिषद शामिल रहेंगे। शिविर प्रभारी एसडीएम ब्यौहारी भागीरथी लहरे होंगे। 25 मार्च 2026 को बुढार विकासखंड में ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन जनपद पंचायत बुढ़ार में किया जाएगा। शिविर के प्रभारी श्री दीपक मंडावी होंगे। 28 मार्च 2026 को जिला स्तरीय शिविर का आयोजन मानस भवन नगरपालिका शहडोल में किया जाएगा। जिसके प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति होंगे।

शिक्षित व्यक्ति उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति करें जागरूक : कलेक्टर

सही चीजें, सही दाम पर अंतिम छोर तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत, शहडोल । कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समाज के हर षिक्षित व्यक्ति का दायित्व है कि वह स्वयं जागरूक रहकर दूसरो को भी उपभोक्ता से संबंधित जानकारियां देकर उनके अधिकारो एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करें। हम सब किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है हमें हर वस्तु जांच परख कर खरीदनी और उपयोग करनी चाहिए। सही गुणवत्ता की चींजे सही दाम पर समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का दायित्व भी हम सबका है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओ को खाद्य सामग्री खरीदेते समय सामग्री की गुणवत्ता और उस सामग्री की अंतिम तिथि अवश्य देंखना चाहिए, मध्यप्रदेष शासन द्वारा उपभोक्ताओ के लिए नापतौल, खाद्य आपूर्ति जैसी अन्य सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं एवं सोशल मीडिया जैसे अन्य माध्यमो में प्रसारित की गई भ्रामक जानकारियो से दूर रहें एवं आमजन को तथ्यात्मक जानकारी ही साझा की जाएं। जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि जब भी आपको खरीददारी करने जाना हो पहले से योजना बना कर जाएँ। जिन वस्तुओं को खरीदना है. उसकी एक सूची बना लें। इससे आप जरूरी सामान नहीं भूलेंगे और बिना जरूरत के सामानों की खरीददारी करने से बच सकेंगे, जिन पैकेट बन्द उत्पादों को आप खरीद रहे हैं उसके उपभोग की अंतिम तिथि की जाँच अवश्य करें। कहीं ऐसा तो नहीं कि आप पुराने और खराब वस्तुओं की खरीद करने जा रहे हैं, इसके अलावा, पैकेट पर अंकित अन्य सूचनाओं जैसे, कौन सी कंपनी ने उत्पाद को बनाया है उसका पता पैकेट पर अंकित होना चाहिए साथ ही वस्तु की मात्रा तथा बनाए जाने या पैक किए जाने की तिथि एवं बैच नं. लाट नं. अधिकतम खुदरा मूल्य आदि की जाँच अवश्य कर लेनी चाहिए। ऐसा करके आप नकली उत्पादों की खरीददारी से अपने को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर खुला सामान खरीदते हैं तो उस सामान की गुणवत्ता के बारे में अच्छी तरह से पूछताछ करके ही खरीदें तथा उपयोग करने पर आपको उसमें किसी प्रकार की खराबी या मिलावट का अनुभव होता है तो तुरंत दुकानदार को वापस करें तथा उसे दुबारा ऐसा सामान न बेचने की हिदायत दें। कार्यक्रम को समाजसेवी बीपी तिवारी ने सम्बोंधित करते हुए कहा कि वस्तुओं की खरीददारी करने के बाद दुकानदार से रसीद कैशमेमों की माँग अवश्य करें। अगर दुकानदार रसीद देने में आनाकानी करता है तो उस दुकान से अगली बार सामान न खरीदें। उत्पादों के पैकेटों पर छपे गुणवत्ता युक्त चिह्नों जैसे, आईएसआई, एगमार्क, एफ्मीओ आदि का चिह्न देखकर खरीददारी करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार खाद्य सामाग्री में मिलावटी विक्रय करता है तो इसकी शिकायत खाद्य एवं औषधि प्रशासन को की जाए। कार्यक्रम में अन्य सदस्यो ने

जल महोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन, उत्कृष्ट कार्य वाले सम्मानित

नवभारत, शहडोल । जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड शहडोल द्वारा ग्राम पंचायत पड़मनियां खुर्द में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य मधु श्रीवास्तव द्वारा वर्ष भर निरंतर जल प्रदाय सुनिश्चित करने वाले पम्प चालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया एवं उपस्थित आंगनवाड़ी, आशा एवं ग्रामीणों को एफटीके से जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीणों द्वारा नारे लगाते हुए मैं भी हूँ जल रक्षक रैली का आयोजन किया गया।साथ ही एफ्टीके जल गुणवत्ता परीक्षण प्रशिक्षण के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आशा कार्यकर्ता गिरजा गुप्ता (ग्राम पड़मनिया कला) एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना गुप्ता (ग्राम पड़मनिया खुर्द) को उत्कृष्ट जल परीक्षण हेतु सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उप सरपंच पड़मनिया खुर्द अनिल साहू, आईईसी समन्वयक रोहणी कुमार बर्मन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत, शहडोल। अभियान परिषद के ब्लॉक गोहपारू के तत्वाधान में नवांकुर संस्था वीर सावरकर सेवा समिति गोहपारू द्वारा पैलवाह सेक्टर 2 के अंतर्गत ग्राम देवरी न 2 के ग्राम पंचायत भवन में ग्राम स्तर पर कार्यरत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों की कार्यक्षमता बढ़ाने, ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जन अभियान परिषद की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ग्राम के सरपंच महोदय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक समन्वयक गोहपारू श्री आलोक सोधिया ने की। प्रशिक्षण का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व् समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात ब्लॉक समन्वयक द्वारा प्रशिक्षण के विषय वस्तु पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षार्थियो को जन अभियान परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से मुकेश केवट द्वारा प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेज के बारे बताया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में परिषद की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने एवं ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवांकुर सखियों ने भी प्रशिक्षण में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियो को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

ग्राम पंचायत पचगांव में प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत, शहडोल। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जनपद पंचायत सोहागपुर के तत्वावधान में नवांकुर संस्था सर्व मानव उत्थान जन कल्याण समिति द्वारा कंचनपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पचगांव में ग्राम स्तर पर कार्यरत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य समितियों के सदस्यों की कार्यक्षमता बढ़ाना, ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा परिषद की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडेय ने आओ बनाएं अपना मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत नौ प्रमुख विषयों पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा अटल जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्वैच्छिकता, सामूहिकता और स्वावलंबन की भावना से कार्य करने की बात कही।प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञ लोकनाथ नामदेव, के.पी. सिंह, परामर्शदाता आकांक्षा तिवारी तथा जयप्रकाश काछी ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। वहीं विकासखंड समन्वयक सोहागपुर प्रिया सिंह बघेल ने जन अभियान परिषद की योजनाओं, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एमपीजेएपी ऐप के माध्यम से समितियों की बैठकों, गतिविधियों एवं अभियानों से संबंधित जानकारी एमआईएस में दर्ज करने की प्रक्रिया भी समझाई। कार्यक्रम में पचगांव, जोधपुर, दूधी, लालपुर और कंचनपुर सहित पांच ग्रामों की प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

सम्मान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लालपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट महिला जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

नवभारत, शहडोल। रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट के सीएसआर नवाचार के अंतर्गत प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन शुक्रवार को रिलायंस फाउंडेशन रिसोर्स सेंटर, लालपुर परिसर में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात महिला सदस्यों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गोहपारू की अनुविभागीय अधिकारी काजोल सिंह (आईएएस) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीबीएम लेडीज क्लब की अध्यक्ष दीपाली वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक अल्पना शर्मा, जनपद सदस्य लीला बाई (देवरी), माया द्विवेदी (कंचनपुर), यशोदा सिंह (नौगई) तथा लालपुर की सरपंच रामकली बैगा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत में सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि रिलायंस सीएसआर प्रोजेक्ट के माध्यम से महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के अंतर्गत प्रोजेक्ट ग्रामों की महिलाएँ सिलाई प्रशिक्षण, हस्तशिल्प प्रशिक्षण, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ बना रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला दिवस जैसे आयोजनों का उद्देश्य महिलाओं को प्रोत्साहित करना और उनमें जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में प्रोजेक्ट ग्रामों की महिला सरपंचों एवं जनपद सदस्यों को मंच के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा है, जो हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सीबीएम लेडीज क्लब की अध्यक्ष दीपाली वर्मा ने महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को समाज के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कृषि वैज्ञानिक अल्पना शर्मा ने महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर साइट हेड राजेश वर्मा ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि रिलायंस सीएसआर के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। मंचासीन जनपद सदस्य लीला बाई ने अपने संबोधन में रिलायंस द्वारा किए जा रहे ग्राम विकास एवं सामुदायिक विकास कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि काजोल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं तो परिवार और समाज दोनों का विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने रिलायंस सीएसआर द्वारा महिलाओं के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम में 19 ग्रामों की महिला सरपंचों एवं 3 जनपद सदस्यों को स्मृति चिह्न एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सीएसआर के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य करने वाले फील्ड कैडर्स को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सीएसआर प्रोजेक्ट के सहयोग एवं मार्गदर्शन से संचालित 11 सिलाई केंद्रों का संचालन करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं ब्रांडिंग बैनर प्रदान कर उनके केंद्र प्रारंभ करने के लिए शुभकामनाएँ दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन अपूर्वा टोप्पो एवं डॉ. समीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर टीम के वीरेंद्र, कुंवरबली, अभिलाष, अजय, राजकुमार, अश्वनी तथा फील्ड कैडर्स सीतू यादव, दुर्गा वर्मन, सुजीत, धर्मदत्त, रवि, दिलीप, संग्राम एवं प्रदीप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जिले में घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त उपलब्धता है, उपभोक्ता गैस का संग्रहण नहीं करें : कलेक्टर

एजेन्सी खुलने से पहले ही सिलेण्डर लेने पहुंच रहे ग्राहक लग रही लंबी लाईन

नवभारत, शहडोल । कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की कमी नहीं है। उपभोक्ता अफवाहो में आकर अनावष्यक रूप से संग्रहित न करें। जिले में गैस एजेंसियो की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आपने जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को निर्देष दिए कि जिन उपभोक्ताओ द्वारा गैस सिलेंडर प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग कराई जा रही है उन्ही उपभोक्ताओ को प्राथमिकता से गैस सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। आपने निर्देष दिए कि गैस एजेंसी द्वारा घर पर गैस सिलेंडर की डिलेवरी देने पर ही डिलेवरी चार्ज लिया जाएं। जो उपभोक्ता गैस गोदाम से गैस प्राप्त कर रहें है उनसे डिलेवरी चार्ज न लिया जाएं।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी उपभोक्ता से गैस एजेंसी में अतिरिक्त राशि नहीं वसूली जाएं और न ही बिना नम्बर के गैस सिलेंडर वितरित किये जाएं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाएं जाने पर संबंधितो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।